कार्यवाही

**चोरी गए करीब डेढ़ लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर बरामद, वारदात के तीन दिन के भीतर पुलिस को मिली सफलता**

# दिनदहाड़े सूने मकान में लाखों की चोरी का खुलासा




**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 20 जुलाई, बिछुआ थाना क्षेत्र के ग्राम डोलापांजरा में दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए करीब 1.50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं।**

पुलिस के अनुसार 17 जुलाई को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति ने ग्राम डोलापांजरा निवासी कविता पति भिकारीलाल कुड़ोपे के सूने मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे। पीड़िता की शिकायत पर थाना बिछुआ में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक अजय पांडे के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे एवं एसडीओपी चौरई भारती जाट के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश उइके के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जांच के दौरान संदेही राजकुमार उइके (24 वर्ष), निवासी ग्राम धमनिया से पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने चोरी के जेवर अपनी बुआ के घर छिपाकर रखे थे, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक जोड़ी सोने की झुमकी, चांदी का करधोना, तीन जोड़ी चांदी की पैरपट्टी तथा जेवरात का बिल जब्त किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश उइके सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# संत चावरा नेशनल एकेडमी में ब्लॉक स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 20 जुलाई, संत चावरा नेशनल एकेडमी में ब्लॉक स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।**

प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना को बढ़ावा देना तथा उनकी प्रतिभा को निखारना रहा। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयनित हुए विद्यार्थी अब जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

इस अवसर पर संत चावरा नेशनल एकेडमी के प्राचार्य फादर जैसन ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, मेहनत, आत्मविश्वास तथा शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने जिला स्तर के लिए चयनित सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में खेल प्रशिक्षक अंकित सोलंकी का विशेष योगदान और सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यालयों, शारीरिक शिक्षकों, खिलाड़ियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# रामदयाल ने पेश की मानवता की मिसाल, पैसों से भरा पर्स पुलिस को लौटाया



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 20 जुलाई, नगर के बाजार क्षेत्र में एक महिला का पर्स गुम हुआ था, जानकारी के अनुसार पर्स में दस्तावेज सहित कई कीमती सामान रखे हुए थे, बताया जा रहा है कि राहगीर रामदयाल डेहरिया को पर्स रास्ते में पड़ा हुआ मिला था जहाँ उन्होने ईमानदारी दिखाते हुए सोमवार 20 जुलाई को वे जुन्नारदेव थाने पहुंचे और पर्स प्रधान आरक्षक प्रेमलता धुर्वे को सौंपा दिया।**

पुलिस ने पर्स उसके सही मलिक को सौंप दिया गया है। आज के इस दौर में ईमानदारी की मिसाल पेश कर कीमती दस्तावेज और सामग्री से भरे पर्स को लौटने पर पुलिस ने रामदयाल डेहरिया की प्रशंसा करते हुए उन्हें उनकी ईमानदारी के लिए धन्यवाद दिया है।

# नवोदय विद्यालय में फिर लगे लापरवाही के आरोप



**नवभारत न्यूज**
**सिंगोड़ी, 20 जुलाई, सिंगोड़ी नवोदय विद्यालय में फिर लगे लापरवाही के आरोप, एक तरफ जहां नेशनल गेम के बहाने कक्षा छटवी से आठवी तक के बच्चों को जबरन घर पहुंचाया जा रहा है तो वही एक साल से टीसी निकलाने के लिए भटक रहे पांढुर्णा के परिजन। सिंगोड़ी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में छात्रों को जबरन छुट्टी पर भेजने और टीसी को लेकर परिजन परेशान हो रहे हैं।**

सोमवार को छात्रों के परिजनों ने आरोप लगाया की नेशनल गेम को लेकर हमारे बच्चों को जबरन घर पहुंचाया जा रहा है इतना ही नहीं बच्चों ने जो सामान विद्यालय लाया था उसे भी पहुंचा रहे है जिससे परिजनों को भारी परेसानियो का सामना करना पड़ रहा है। वही कई परिजनों ने बताया की पिछले तीन दिनों से कई छात्रों के परिजनों को कॉल करके बच्चों को ले जाने कहा जा रहा है, हम बच्चों को ले जाने तैयार है परंतु उनका सामान तो विद्यालय में रखना चाहिए। वही

पांढुर्णा के एक परिजन ने बताया की मेरे बच्चे एक साल पहले यहां पढ़ते थे मगर बच्चें का भोपल में अन्य स्कूल में सिलेक्शन होने के करण हमे विद्यालय से टीसी होना था में लगभग सात बार विद्यालय के चक्कर लगा चुका हूं लेकिन बावजूद इसके बच्ची की टीसी नहीं दी जा रही है, उन्होंने बताया वीडियो में बताया कि कई किलोमीटर का सफर तय कर हम विद्यालय पहुंचते हैं और हर बार खाली हाथ लौट आते हैं। वही आगे स्कूल प्रबंधन पर कई लापरवाही के आरोप भी लगाए है। इस मामले में संबधित अधिकारियों को ध्यान देने की जरूरत है। वही बताया गया है की जब से प्रभारी प्राचार्य नवोदय विद्यालय की कमान सम्हाले हुए है तब से यह विद्यालय किसी न किसी रूप से लापरवाही की वजह से चर्चा में रह रहा है। विद्यालय को स्थाई प्राचार्य की शक्त जरूरत बताई जा रही है।

# ललिता वर्मा बनी अमरवाड़ा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष



**नवभारत न्यूज**
**अमरवाड़ा, 20 जुलाई, समिति की सह संरक्षक श्रीमती ललिता वर्मा को महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बनने उपरांत श्री नटनी माई क्षेत्रीय सेवा समिति के पदाधिकारी गण पहुंचे बधाई एवं शुभकामनाएं देने। समिति सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मुंह मीठा कर श्रीमती वर्मा को शुभकामनाएं दी।**

इस अवसर पर समिति द्वारा मां जगत जननी एवं मां नटनी माई का स्मृति स्वरूप छायाचित्र भेंट किया गया। आपको विदित हो कि श्रीमती ललिता वर्मा द्वारा समिति को विगत 10 वर्षो से 11000 ग्यारह हजार की सहयोग राशि दीन-हीन बेसहारा अनाथ पितृहीन अति जरूरतमंद बेटियों की शिक्षा व विवाह में मदद हेतु भेंट की जा रही हैं। कामना करते हैं कि मां जगत जननी मां नटनी माई आपको नयी नयी जिम्मेदारियों से अभिभूत करें और आपकी मान - प्रतिष्ठित दिन दूनी रात चौगुनी बढ़े। इन बधाई एवं शुभकामनाएं के पलों में समिति अध्यक्ष अरूण बूटी नेमा समिति संरक्षक बालकिशन साहू, समिति संस्थापक एवं संयोजक राधेश्याम सोनी, समिति सह संरक्षक सालिकराम यादव, समिति सह संरक्षक मनीष नेमा, सुमेर चंद साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# खामीहीरा स्कूल में किया गया वृक्षारोपण



**नवभारत न्यूज**
**सिंगोड़ी, 20 जुलाई, समीपस्थ ग्राम खामीहीरा के शासकीय हाई स्कूल के प्रांगण में ग्राम पंचायत के सहयोग से एक पेड मां के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया।स्कूल स्टाफ और छात्रों ने जनप्रतिनिधियों के साथ करीब 50 पेड़ लगाए गए।**

उक्त कार्यक्रम में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाअध्यक्ष धन्नू धुर्वे, प्रांतीय उपाध्यक्ष चेतन कुमरे , गोंडवाना युवा मोर्चा मोर्चा जिलाध्यक्ष मिथुन धुर्वे स्टडेट यूनियन के जिला संयोजक ब्लाक अध्यक्ष महेश धुर्वे दीपक सरयाम, सदस्य कन्हैया यादवज सरपंच दौलतराम धुर्वे स्कूल प्राचार्य ओमकार शाह बरकड़े सचिव बसंत वर्मा, सह सचिव सरमन डेहरिया, प्रभुदयाल धुर्व, शिक्षकमें, अरविंद करपेती बेनीराम गोहिया श्रीमती रुबीना मंसूरी, श्रीमती संगीता नवरेती अशोक राठौर आदि उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव को सिविल अस्पताल बनाने की उठ रही मांग

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 20 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल बनाने की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार उठाई जा रही है, पूर्व में भी इस मांग को क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक, समाज सेवी संगठन, राजनीतिक संगठनों द्वारा उठाया गया था, किंतु वर्तमान में यह मांग महेज एक औपचारिकता बनकर रह गई है।**

क्षेत्र वासियों की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सिविल अस्पताल में उन्नयन आवश्यक है यदि जुन्नारदेव में सिविल अस्पताल बनेगा तो निश्चित तौर पर ही स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी हो सकेगी। इसे लेकर जिले के सांसद विवेक बंटी साहू ने कन्हान बचाओ मंच द्वारा सौंपे गए पत्र के बाद स्वास्थ्य मंत्री को भी पत्र लिखकर जुन्नारदेव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल बनाने की मांग की थी किंतु अब तक कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं आए हैं। क्षेत्रवासियों ने आदिवासी अंचल की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर शासन प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल का दर्जा प्राप्त हो सके जिससे आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आदिवासी क्षेत्र की जनता को मिल सके।

# लिंगा आश्रम से शुरू हुआ पौधारोपण



**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 20 जुलाई, प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से परम पूज्य संत आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से लिंगा आश्रम समिति ने जिले में वृहद पौधारोपण जनआंदोलन की शुरुआत की। अभियान के प्रथम चरण में लिंगा आश्रम के आसपास के गांवों में बड़ी संख्या में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित साधकों ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया।**

पौधारोपण अभियान में पांढुर्ना भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप माहोड़, जिला अन्त्योदय समिति छिंदवाड़ा के पूर्व अध्यक्ष विलाश घोंगे, जिला पंचायत सदस्य ललिता घोंगे, बिसापुर ग्राम सरपंच एवं भाजपा लिंगा मंडल महामंत्री वेद सिसोदिया, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप डांगे, समिति अध्यक्ष मदन मोहन परसाई, साध्वी प्रतिमा बहन, साध्वी रेखा बहन सहित सैकड़ों साधकों ने सहभागिता की। समिति अध्यक्ष मदन मोहन परसाई ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि प्रत्येक परिवार दो फलदार पौधे लगाकर उनका संरक्षण करे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सकेगा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा**
Municipal Corporation Chhindwara
Add.In tront ot shukla gound. guraiya road Tel-07162-222346 E-mail-commchhindwara@mp.gov.in
क्रं/2033/रा.शा.(लीज)/न.पा.नि./26-27 छिं दिनांक 07/07/26

**::-आम-सूचना आपत्ति-इश्तहार-::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिक निगम स्वामित्व की भूमि ब्लाक नं.03प्लाट नं. 2का भाग रकवा13X60=780वर्गफुट भूखण्ड पर आवेदक श्री नागरमल सोनी पिता श्री मेघराज सोनी के द्वारा आवेदन पत्र मय पंजीकृत बैनामा,सम्पत्तिकर रसीद,शपथ पत्र,प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड की लीज स्वयं के नाम से नामांतरण एवं नवीनीकरण किये जाने की मांग की गई है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड पंजीकृत बैनामा दिनांक25.11.1992 के द्वारा विक्रेता श्री हेमनाथ चौरसिया पिता श्री छोटेलाल चौरसिया से क्रय किया गया है।उक्त भूखण्ड की मूल नस्ती कार्यालय में उपलब्ध नहीं है।प्रकरण में आवेदिका द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर म.प्र. नगर पालिका अचल सम्पत्ति का अंतरण नियम 2016के नियम4(1)परंतु (क) में दिये गये प्रावधानों के अनुसार नस्ती पुनर्निर्माण किये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित है ।

उक्त भूखण्ड की चतुर्थ सीमा निम्नानुसार हैः-उत्तर में -हफीज खान का मकान,दक्षिण में–हेमनाथ चौरसिया का मकान,पूर्व में-नाला,पश्चिम में-नगर पालिक निगम रोड है।

प्रस्तुत आवेदन पत्र मय संलग्न दस्तावेजों के आधार पर उक्त भू-खण्ड की नस्ती पुनर्निर्माण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति अथवा कोई हितबद्ध पक्षकार को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर स्वामित्व संबंधी समस्त दस्तावेजों सहित कार्यालय नगर पालिका निगम छिन्दवाडा में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । समयावधि बाद किसी भी दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा(म.प्र.)

# जंगली सुअर का शिकार करने वाले 4 आरोपी पहुंचे जेल



**नवभारत न्यूज**
**चौरई, 20 जुलाई, वन परिक्षेत्र चौरई अंतर्गत सांख सर्किल के ग्राम ग्रेठिया से खैराजी मार्ग पर मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर वन अमले द्वारा मांस खा रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिसमे 1. शंकर पिता मंतुलाल सरेयाम 2. शिवप्रसाद पिता मंतुलाल सरेयाम 3. फूलभानशा पिता किशनू सल्लाम 4. निरपत पिता संतुलाल सरेयाम निवासी खैरांजी, मौके से गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया जहा से उन्हें जेल भेजा गया।**

कार्यवाही मे सुश्री वंदना पाल रेंजर, रवि सिंह वर्मा डिप्टी रेंजर, अरुण कुमार सेंगर डिप्टी रेंजर, वनरक्षक हरनारायण शर्मा , राजाबाबू रघुवंशी, महेश सनोडीया, आशुतोष शर्मा,आशीष शुक्ला, संजय यादव, सुरेन्द्र गुर्जर,जितेंद्र राजपूत व सुरक्षा श्रमिकों का योगदान रहा।

# मोआरी खदान में जुन्नारदेव पुलिस द्वारा दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 20 जुलाई, थाना जुन्नारदेव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली मोयारी कोयला खदान (शारदा भूमिगत परियोजना) में श्रमिकों और स्टाफको नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी कर्मचारियों और श्रमिकों को जीवन में कभी भी नशा न करने और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग देने की शपथ दिलाई गई।**

कार्यक्रम के दौरान जुन्नारदेव पुलिस द्वारा खदान प्रबंधन एवं श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि यह हंसते-खेलते परिवारों को भी नष्ट कर देता है। विशेषकर कोयला खदान जैसे संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण कार्यस्थलों पर नशे की हालत में काम करना बेहद खतरनाक हो सकता है, जिससे गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इसलिए खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए नशे से दूर रहना बेहद जरूरी है। जागरूकता सत्र के बाद खान प्रबंधक कार्यालय शारदा भूमिगत परियोजना परिसर में एक सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें जुन्नारदेव पुलिस बल, खदान प्रबंधन के अधिकारियों, स्टाफ और बड़ी संख्या में उपस्थित खदान श्रमिकों ने पूरी निष्ठा के साथ अपना हाथ आगे बढ़ाकर नशा मुक्ति का संकल्प लिया।

**CENTRUM HOUSING FINANCE LIMITED**
Group Company of peoplehome
A Subsidiary of Weaver Services Private Limited
All loans are processed and serviced by Centrum Housing Finance Limited ("CHFL")

**रजिस्टर्ड ऑफिस :** यूनिट नंबर 301, तीसरी मंज़िल, हरभजन कमर्शियल प्रिमाइसेस को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, CST रोड, BPCL पेट्रोल पंप के सामने, कलिना, सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई-400098.
CIN: U65922MH2016PLC273826

**कब्जा नोटिस**

**(प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) और नियम 8(2) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)**

चूंकि, नीचे हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी, 'सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002' के तहत 'सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के अधिकृत अधिकारी हैं और 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले सेक्शन 13(12) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कंपनी के अधिकृत अधिकारी ने नीचे बताए गए उधारकर्ता(ओं) / सह-उधारकर्ता(ओं) / गारंटर(ओं) को डिमांड नोटिस जारी किया था, जिसमें नोटिस में बताई गई बकाया राशि को कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार ब्याज, पेनल्टी ब्याज, शुल्क, लागत आदि के साथ नोटिस मिलने की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। उधारकर्ता द्वारा राशि न चुका पाने के कारण, उधारकर्ता(ओं) / सह-उधारकर्ता(ओं) / गारंटर(ओं) और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी ने उक्त एक्ट के सेक्शन 13(4) और उक्त नियमों के नियम 8 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए नीचे बताई गई प्रॉपर्टी का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता और आम जनता को खास तौर पर चेतावनी दी जाती है कि वे इस प्रॉपर्टी का कोई लेन-देन न करें; प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई भी लेन-देन 'सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के उस चार्ज (दावे) के अधीन होगा जिसमें बकाया राशि के साथ-साथ कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार ब्याज, पेनल्टी ब्याज, शुल्क, लागत आदि शामिल हैं। उधारकर्ता का ध्यान एक्ट के सेक्शन 13 के सब-सेक्शन (8) के प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है, जो सुरक्षित एसेट्स (संपत्ति) को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के बारे में हैं।

| स. क्रं. | ऋण खाता सं. उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता का नाम/ | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण (अचल संपत्ति) | मांग की तिथि नोटिस और कुल बकाया राशि (रु.) | कब्जा लेने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JLRCW21005789 और JLRCW21006043 संतोष कुमार उइके/ रितु उइके | अचल संपत्ति का हिस्सा और टुकड़ा, जिसके अधिकार शामिल हैं ख.नं. 43/1/3/14, क्षेत्रफल 127.78 वर्ग मीटर, वार्ड नं. 35, मौजा-इमलीखेड़ा, कुलबेहरा वार्ड, ब्लॉक नंबर 07, पीएच नं.15, RNM छिंदवाड़ा-2, तहसील और जिला- छिंदवाड़ा -480111, मध्य प्रदेश। सीमाएंः- पूर्व : कच्चा रोड, पश्चिम : धुर्वे का प्लॉट, उत्तर : उइके का प्लॉट, दक्षिण : कहार की जमीन। | 05-मार्च-26/ रू. 18,12,628/- (अठारह लाख बारह हजार छह सौ अट्ठाईस मात्र) | 17-07-2026 |

दिनांक : 21.07.2026, स्थानः मध्यप्रदेश    हस्ताक्षर/-, अधिकृत अधिकारी, सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की ओर से

बैठक

**कलेक्टर दर पर मजदूरी देना सरकार की जिम्मेदारी और श्रमिक का अधिकार : वासुदेव शर्मा**

# अस्थाई श्रमिक कर्मचारियों की बैठक का आव्हान, 20 अगस्त को होगा धरना प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज**
**बटकाखापा (हर्रई), 20 जुलाई, ग्राम पंचायत चौकीदार, पंप आपरेटर, भृत्य, सफाईकर्मियों, स्कूलों छात्रावासों के रसोईया, अंशकालीन कर्मचारियों, मनरेगा श्रमिकों सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत अस्थाई श्रमिक कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक ग्राम पंचायत भवन के सभागार में संपन्न हुई, जिसमें 50 से अधिक प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।**

पंचायत चौकीदार संघ के जिला अध्यक्ष राजू कुडापे एवं प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा की विशेष उपस्थित में हुई बैठक की अध्यक्षता आशीष डेहरिया और संचालन जय कुमार डेहरिया ने किया। बैठक में संतोष सूर्यवंशी रामचरण कर, ओमप्रकाश थनवार, देवेंद्र थनवार, देवेंद्र मसराम, शिवकुमार धुर्वे सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे। बैठक में सर्वसम्मति से श्रमिक कर्मचारियों के हितों के एकजुट होकर संघर्ष करने का निर्णय लिया गया जिसके तहत कलेक्टर दर से वेतन, मजदूरी से वंचित श्रमिकों, कर्मचारियों की ओर से आगामी 20 अगस्त को बटकाखापा में धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें पंचायतों के समस्त कर्मचारी, मनरेगा मेठ, श्रमिक, स्कूलों की रसोईया, अंशकालीन, वन विभाग के सुरक्षा श्रमिकों, स्वास्थ्य, बिजली विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी, पेळा मोबिलाईजर, कोटवार, राजस्व सर्वेयर, अतिथि शिक्षक, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कर्मी सहित हजारों की संख्या में अस्थाई श्रमिक कर्मचारी शामिल होंगे। बैठक में बोलते हुए वासुदेव शर्मा ने कहा कि हर काम करने वाले के लिए सरकार न्यूनतम मजदूरी तय करती है, जिसे कलेक्टर दर कहते हैं, जो सभी काम करने वाले श्रमिक कर्मचारियों को मिलनी चाहिए, यदि नहीं मिल रही तो यह दिलाना सरकार, अधिकारियों की जिम्मेदारी है, लेकिन छिंदवाड़ा सहित मप्र में कलेक्टर दर पर मजदूरी नहीं हो रही, जिसे लेने के लिए हमें मिलकर संघर्ष करना बोगा, तभी हम लोग नौकरियों में लागू अन्याय कारी अस्थाई, आउटसोर्स प्रथा में सुधार कराकर नौकरी में सुरक्षा एवं सम्मानजनक वेतन हासिल कर सकते हैं! शर्मा ने कहा कि यदि सरकार कलेक्टर दर पर मजदूरी, वेतन दिलाने की जिम्मेदारी पूरी कर दे तब लाडली बहना जैसी योजनाएं चलाने की जरूरत ही नहीं पडेगी क्योंकि सरकारी योजनाओं का लाभार्थी सबसे पहले मजदूर है, जो मनरेगा में काम करता है, वह स्कूलों, पंचायतों, स्वास्थ्य केंद्रों, बिजली विभाग सहित सभी सरकारी विभागों में काम करते हुए सरकारी योजनाओं का संचालन करता है, इसलिए उस न्यूनतम 26,000 हजार वेतन, नौकरी में सुरक्षा मिलनी ही चाहिए, जिसे दिलाने के लिए हमारा संगठन प्रदेशभर में संघर्ष कर रहा है।

**खंड- I**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय पश्चिम छिंदवाड़ा वनमण्डल छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 10/ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक**

4. वनमण्डलाधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल छिंदवाड़ा द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | भवन निर्माण में लगने वाली सामग्री गिट्टी (20 MM एवं 40 MM) | आवश्यकता अनुसार |

**नोटः-** निविदा से संबंधित समस्त सामग्री की सूची एवं सामग्री का मापदंड "BOQ" में दर्शित है

**टीपः-** उपरोक्त सामग्री की मात्रा किसी भी सीमा तक कम या अधिक हो सकती है ।
- निविदा दस्तावेज़ से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 23.07.2026 Time 02.00 PM से दिनांक 13.08.2026 Time 02.00 PM तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्त्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
- **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः https://www.mptenders.gov.in/

G-15921/26

**वनमंडलाधिकारी**
**पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल**